संक्षेप

## तीन वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। मुकदमों में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार यादव ने शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर वांछित मो0 आजाद उर्फ तौफीक पुत्र नाजिब निवासी पूरे तिलकराम तथा दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी ने वांछित धर्मेन्द्र पुत्र मेवालाल निवासी सराय ओसान को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं सांगीपुर थाने के दरोगा आदित्य पाण्डेय ने चोरी की घटना के आरोपी प्रभाकर मिश्र उर्फ नान्हू पुत्र रजनीकांत मिश्र निवासी पहाड़पुर को सगरा सुंदरपुर के कीर्तिपुर मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के सामानों की बरामदगी भी की है। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## किशोरी के अपहरण का दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो अप्रैल की शाम करीब सवा पांच बजे उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री गायब हो गयी। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। गायब किशोरी की तलाश की जा रही है।

## जमीन विवाद में हुई मारपीट में दो घायल, दी तहरीर

प्रतापगढ़। जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गये। घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आहरबीहर गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह पुत्र रामशरण सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार को सुबह करीब ग्यारह बजे गांव के कुछ लोग दीवार बनवा रहे थे। आरोप है कि पीड़ित के भाई उदय भास्कर ने दीवार सीधी करके अपनी जमीन में बनाने के लिए कहा तो आरोपी गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर पीड़ित व उसके भाई को घायल कर दिया। घायलो को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर भेजा गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रशिक्षु आईपीएस आफताब आलम का कहना है कि घटना की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान की पत्नी का निधन

प्रतापगढ़। नगर पंचायत क्षेत्र के पूरे हरिकिशुन के पूर्व प्रधान एवं सेवानिवृत्त शिक्षक उमाशंकर मिश्र की पत्नी राजदेवी मिश्रा 79 का शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया। निधन की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व सांसद प्रमोद तिवारी ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। वहीं शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आचार्य विनय शुक्ल, राकेश तिवारी गुडडू, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, डा0 सौरभ मिश्र, डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा, पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी आदि ने भी राज देवी के निधन पर दुख जताया है।

## सुदामा कृष्ण मैत्री प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर क्षेत्र के शिवबोझ गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर आचार्य देवव्रत महाराज द्वारा सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित मोक्ष कथा और श्रीमद्भागवत महात्म्य की सजीव चित्रण ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने सुदामा-कृष्ण की अटूट मित्रता और भगवान की कृपा का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस अवतार में समता का संदेश दिया। उन्होने सुदामा की गरीबी भगवान कृष्ण के पास जाना, द्वारपालों द्वारा रोकना, कृष्ण द्वारा सुदामा का भव्य स्वागत और मित्रता की मिसाल, तक्षक नाग द्वारा परीक्षित को डसना और सुखदेव जी द्वारा परीक्षित को मोक्ष प्राप्ति की कथा का वर्णन किया। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत कथा से हमें यह सीख मिलती है कि भक्ति की परिपूर्णता में जीवन में प्राणी को मृत्यु का भय खत्म हो जाता है। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति समर्पण से मनुष्य भव बन्धन से मुक्त हो जाता है।

# दो अवैध पैथोलॉजी सेंटर सील

## अवैध संचालक फरार, मजिस्ट्रेट ने ताला तोड़कर जांच की

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। बढ़नी कस्बे में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो पैथोलॉजी केंद्रों पर छापेमारी कर उन्हें सील कर दिया। श्याम पैथोलॉजी



सेंटर में छापेमारी की भनक लगते ही संचालक मौके से फरार हो गया और एक कमरे में ताला लगा दिया। तहसीलदार श्रीप्रकाश यादव की अगुवाई में टीम ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ताला तोड़कर कमरे की तलाशी ली। जांच में कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर और पैथोलॉजी से जुड़े प्रचार-प्रसार के दस्तावेज बरामद हुए। दूसरे कमरे से पैथोलॉजी जांच में उपयोग होने वाली मशीनें, किट, इनवर्टर, बैटरी और फ्रिज सहित कई उपकरण मिले। यह स्पष्ट हुआ कि केंद्र बिना वैध पंजीकरण के संचालित हो रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाद में गीता डायग्नोस्टिक सेंटर पर भी छापेमारी की। यहां स्थिति और गंभीर पाई गई। जांच के दौरान एक बीए डिग्रीधारक अप्रशिक्षित व्यक्ति मरीजों की रक्त जांच कर रहा था। मौके पर दो मरीज अपनी रिपोर्ट का इंतजार कर रहे थे। टीम को न तो कोई पंजीकृत चिकित्सक मिला और न ही प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ या लैब टेक्नीशियन मौजूद थे। जब संचालक से स्टाफ बुलाने के लिए कहा गया, तो वह किसी को नहीं बुला सका। इससे यह साफ हो गया कि सेंटर पूरी तरह अवैध रूप से संचालित हो रहा था। दोनों सेंटर बिना पंजीकरण के संचालित पाए गए। टीम ने उन्हें मौके पर सील कर दिया और संबंधित अधिकारियों को मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। नैदानिक स्थापना के नोडल अधिकारी डॉ. एमएम त्रिपाठी ने बताया कि यह नियमों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अवैध केंद्र मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बढ़नी पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अविनाश चौधरी और पटल सहायक अभिनव मणि त्रिपाठी भी कार्रवाई में मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

सिद्धार्थनगर। जिले के पथरा बाजार क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना 3 अप्रैल को करीब 2:30 बजे टेढिया बाजार के सामने टेढिया नहर पुलिया के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान



कोतवाली बांसी क्षेत्र के फुलवापुर गांव निवासी दिनेश (28) पुत्र बाढू और सतीश (24) पुत्र खेदन के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक (यूपी 55 ए जेड 1315, अपाचे) से पथरा बाजार की ओर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, जब वे टेढिया नहर पुलिया पार कर आगे बढ़े, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर (बीआर 24 जीडी 5035) से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पथरा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल सतीश को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रेलर को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मृतकों के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए कदम उठाने की मांग की है।

## इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस एसएसबी चुस्त



श्रावस्ती। इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस और सशस्त्र सीमा बल द्वारा संयुक्त रूप से लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस एवं एसएसबी ने सुइया बॉर्डर पर तथा थाना मल्हीपुर पुलिस एवं एसएसबी ने असनहरिया बॉर्डर पर संयुक्त गश्त की। पेट्रोलिंग के दौरान सीमा क्षेत्र में आने-जाने वाले व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इस संयुक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस और एसएसबी की सक्रियता से सीमा क्षेत्र में सतर्कता और निगरानी और अधिक प्रभावी हुई है। श्रावस्ती पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस इकाई या डायल 112 पर दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## नव चयनित नायब तहसीलदार अवंतिका हुई सम्मानित, खुशी



प्रतापगढ़। नगर पंचायत के जैनपुर वार्ड में शुक्रवार को शिक्षक अजीत शुक्ला की पुत्री नव चयनित नायब तहसीलदार अवंतिका शुक्ला का ग्रामीणों द्वारा समारोहपूर्वक सम्मान किया गया। सफलता के बाद अवंतिका गांव पहुंची तब परिजनो व ग्रामीणों में खुशी का माहौल दिखा। बड़ी संख्या में लोग अजीत शुक्ला के आवास पर पहुंचे और बेटी की सफलता पर खुशी का इजहार किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी नव चयनित नायब तहसीलदार अवंतिका को बुकें तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। स्वागत सह संयोजिका माधुरी शुक्ला व आभार प्रदर्शन अंजली शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संयोजन आईपी मिश्र व संचालन अधिवक्ता श्रीशचंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर प्रेमशंकर तिवारी, प्रदीप मिश्र, निशा मिश्रा, दिनेशपाल मिश्र, श्रीराम तिवारी, चंदन तिवारी, अंकित शुक्ला, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय आदि रहे।

# तीन पेट्रोल पंपों का अनुबंध निलंबित



सिद्धार्थनगर- ईंधन वितरण में आ रही दिक्कतों के बीच प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के अनुमोदन के बाद तीन पेट्रोल पंपों का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके बावजूद, जनपद के तीन पेट्रोल पंप—मे० किसान सेवा केन्द्र हरिजोत इटवा, मे० सावित्री देवी बेचन लाल, सेखुई डुमरियागंज तथा मे० अवध किसान सेवा केन्द्र मस्जिदिया इटवा—द्वारा पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से पेट्रोल और डीजल का उठान नहीं किया जा रहा था। उन्होंने जानकारी दी कि इन पंप संचालकों को कई बार लिखित और मौखिक निर्देश दिए गए थे कि वे तत्काल ईंधन का उठान कर वितरण सुनिश्चित करें। इन निर्देशों के बावजूद कोई अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण संबंधित क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीजल मिलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, इस स्थिति से न केवल आमजन प्रभावित हुए, बल्कि अफवाहों को भी बढ़ावा मिला, जिससे व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा। इसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए उत्तर प्रदेश हाई स्पीड डीजल आयल (सम्भरण बनाये रखना एवं वितरण) आदेश 1981 (यथा संशोधित) के तहत कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने स्पष्ट किया कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भारत माता हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक

जिला संवाददाता

कटरा श्रावस्ती। चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित द्विदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम फेरन पांडे की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राम फेरन पांडे ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं लोकहितकारी योजनाओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के आगमन के पश्चात विद्युत व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार परिलक्षित हुआ है।

जहां पूर्ववर्ती सरकारों में विद्युत आपूर्ति अनिश्चित एवं अव्यवस्थित थी, वहीं वर्तमान शासन में निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन का आधार




बताया। उन्होंने राष्ट्रभावना पर बल देते हुए कहा कि भारत माता हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। यदि माता शब्द का लोप हो जाए, तो राष्ट्र केवल भौगोलिक सीमा तक सीमित रह जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं को

● भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान का गरिमामय समापन

प्रेरित करते हुए कहा कि विरोधियों को संवाद के माध्यम से जोड़कर उन्हें मतदाता, सदस्य एवं अंततः सक्रिय कार्यकर्ता में परिवर्तित करना ही संगठन की सफलता का मूल मंत्र है।

जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यक्ति से ऊपर राष्ट्र और राष्ट्र से भी ऊपर मानवीय मूल्य होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और त्याग की साधना है।

इस अवसर पर पूजा पाण्डेय, रमन सिंह अनोखी लाल पाठक, शंकर दयाल पाण्डेय, मनोज दुबे, राहुल सिंह अर्चना बाजपेई, सतीश जायसवाल, जानकी प्रसाद वर्मा एवं नेक राम पांडे सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा का स्वागत



सिद्धार्थनगर- बीजेपी जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा और जिला सोशल मीडिया प्रभारी आशीष त्रिपाठी को बनाया गया। सिद्धार्थनगर ने कृष्णा मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष और आशीष त्रिपाठी को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। शुक्रवार को इटवा स्थित भाजपा जनसंपर्क कार्यालय पर इन नव नियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने दोनों पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करना चाहिए। डॉ. द्विवेदी ने कार्यकताओं से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों के सफल कार्यकाल की कामना भी की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राम कृपाल चौधरी, प्रदीप कशौधन, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीप नारायण त्रिपाठी, अमित दूबे, इन्द्र राज गिरि, सुरेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निरोगी काया ही जीवन की वास्तविक संपदा

● स्वास्थ्य की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

श्रावस्ती। शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मिशन शक्ति पंचम चरण के द्वितीय खंड के अंतर्गत बुधवार को महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में सर्वांगीण विकास में स्वास्थ्य की भूमिका विषय पर एक प्रेरणास्पद एवं ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त द्वारा गरिमामयी उपस्थिति में की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. गुप्त ने स्वास्थ्य को जीवन की आधारशिला एवं सफलता का प्रमुख स्तंभ बताते हुए कहा कि निरोगी काया ही जीवन की वास्तविक संपदा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार ग्रहण करने, नियमित दिनचर्या का अनुपालन करने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी प्रतिपादित किया कि अनुशासन, संयम




एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से ही व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम का कुशल संयोजन एवं प्रभावी संचालन डॉ. आशुतोष मिश्र द्वारा किया गया, जिनके दक्ष मार्गदर्शन में संगोष्ठी सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी एवं डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। दोनों प्राध्यापकों ने भी अपने उद्बोधनों में स्वास्थ्य के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया।

संगोष्ठी में 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संचार हुआ तथा उन्हें जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा प्राप्त हुई। उल्लेखनीय है कि यह संगोष्ठी ह्यमिशन शक्तिह्न अभियान के उद्देश्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुई, जिसने न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागृत की, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारभूमि भी तैयार की।

## मोदी सरकार की अनिश्चितता भरी नीति राष्ट्रीय हितों के लिए खतरनाक : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार की रक्षा तथा विदेश नीति के साथ घरेलू नीति में भी अनिश्चितता को राष्ट्रीय हितों के विपरीत करार दिया है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार चार सप्ताह तक संसद का सत्र चलने के बावजूद भी एजेण्डा नही तय कर पायी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री देश को बताएं कि इतने लम्बे सत्र के बावजूद दोबारा सोलह अप्रैल से संसद का सत्र क्यूं आहूत किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी के मुताबिक भाजपा को पांच राज्यों के चुनाव में अपनी करारी हार के अंदेशे का भय सता रहा है। उन्होनें खुले तौर पर कहा है कि संसद सत्र को दोबारा आहूत करना मात्र भाजपा के द्वारा पांच राज्यों मे होने वाले चुनाव को प्रभावित करना है। उन्होने कहा कि पूरे देश में रसोई गैस और कामर्शियल गैस की कमी से जनता परेशान है। इसके बावजूद यह सरकार बद से बदतर हालात में इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाने की जगह मात्र भाषणबाजी कर रही है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा पर एसआईआर के नाम पर चुनाव आयोग के दुरूपयोग पर भी तीखा हमला बोला है। उन्होने कहा कि चुनाव से जुड़े किसी अधिकारी को डराना और धमकाना निंदनीय है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग भाजपा का फ्रंटल आगेर्नाइजेशन बन गया है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने सोवियत रूस को भारत का स्थायी मित्र करार दिया है। उन्होने कहा कि यह चिंताजनक है कि इस समय उसका पाकिस्तान के करीब होना मोदी सरकार की गलत नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होने कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति कम हुई है।

## इटवा में 4 करोड़ गबन, फरार महिला गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर- इटवा थाना क्षेत्र में किसानों से 4 करोड़ रुपये की ठगी और गबन के चर्चित मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। लंबे समय से फरार चल रही महिला को 3 अप्रैल शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे गैंगस्टर एक्ट के तहत न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में इटवा थाना पुलिस और जिला एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त टीम ने फरार आरती जायसवाल (लगभग 39 वर्ष) को उसके इटवा स्थित आवास, वार्ड नंबर-8 गुरु गोविंद सिंह नगर से गिरफ्तार किया। पुलिस जांच के अनुसार, वर्ष 2024 में इस गिरोह ने सुनियोजित तरीके से सिद्धार्थनगर और बलरामपुर जिलों के सैकड़ों किसानों को निशाना बनाया। गिरोह के सदस्यों ने किसानों से बड़ी मात्रा में अनाज उधार लिया, लेकिन उसका भुगतान नहीं किया। इस प्रकार, लगभग 4 करोड़ रुपये मूल्य के अनाज का गबन किया गया। इस घटना के बाद से आरोपी फरार थे, जिससे किसानों में रोष और आर्थिक संकट था। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन अन्य अभियुक्तों—सिद्धार्थ जायसवाल, कैलाश जायसवाल और सन्नो देवी—को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। मुख्य महिला अभियुक्ता आरती जायसवाल लगातार फरार चल रही थी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी और अंततः उसे उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता मिली। इस मामले में इटवा थाने में वर्ष 2024 में धारा 406 और 120बी भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त, कठेला समय माता थाने में भी वर्ष 2024 में धारा 406 भादंवि के तहत एक और मुकदमा दर्ज है। गिरोह की संगठित आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है।

# धूमधाम से मनी हनुमान जयंती



बांसी सिद्धार्थनगर-जिले के बहु प्रतिष्ठित पंच शिखा हनुमान मन्दिर पर हजार से अधिक भक्तों की भीड़ हनुमान जयंती के अवसर पर उमड़ पड़ी, और भक्ति भाव से पूजन अर्चन किया गया, जनपद के जाने-माने बांसी तहसील कस्बा/नगर स्थित श्री पंचशिखा मंदिर में हनुमान जयंती का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी सहित हजारों श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे, मंदिर के पुजारी मुन्ना सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता कालिका प्रसाद त्रिपाठी, मंगल चौरसिया और आनंद मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे। युवा भाजपा नेता अनुज अमय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आशीष त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी और विकास चतुवेर्दी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में खेसरहा क्षेत्र के बेलौहा बाजार स्थित पूज्य लोकेश्वर नाथ मंदिर के गेट पर भी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमलेश गुप्ता और राघवेंद्र मिश्रा पप्पू की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भाजपा नेता दिलीप चतुवेर्दी रामकुमार कुंवर मुन्ना मिश्रा सहित अनेक लोग शामिल हुए खेसरहा थाना परिसर स्थित पूज्य हनुमान जी मंदिर में सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस की तरफ से सुरक्षा हेतु चौकसी रही।

# बीएसएफ जवान की हत्या का खुलासा

मेरठ। जिले के इंचौली थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान नैन सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया।

शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ग्राम धनपुर में 27-28 मार्च की रात करीब ।:40 बजे नैन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बीएसएफ कांस्टेबल नैन सिंह (35) की हत्या के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में जान गंवाने वाले बीएसएफ कांस्टेबल की पत्नी भी शामिल है। जांच के दौरान यह पता चला कि जान गंवाने वाला बीएसएफ का कांस्टेबल अपनी पत्नी कोमल को गुलशन (क्षेत्र के निवासी) के साथ संबंध होने के कारण अक्सर ताना मारता था और अपमानित करता था। उन्होंने कहा कि इसी रंजिश के कारण आरोपियों ने साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया। पूछताछ में आरोपियों ने नैन सिंह की सोते समय

## पत्नी समेत पांच गिरफ्तार

गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल की। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान गुलशन, कोमल (जान गंवाने वाले जवान की पत्नी), राहुल उर्फ पवन, गुड्डु और मोंटू के रूप में हुई है। आरोपियों द्वारा दिए गए सुराग पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने एक अवैध देशी पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया है।

पुलिस ने कहा कि 35 वर्षीय बीएसएफ जवान शनिवार (28 मार्च) शाम को मेरठ जिले में अपने घर पर मृत पाया गया और उसके शरीर पर गोली का घाव था। घटना जिले के इंचौली थाना क्षेत्र स्थित धनपुर गांव की है।

थाना प्रभारी बजरंग प्रसाद ने बताया कि बीएसएफ कांस्टेबल नैन सिंह (35) छुट्टी लेकर घर आए थे और इसी दौरान उनकी हत्या कर दी गई। मृतक के परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था। परिवार के सदस्यों ने कहा कि सिंह पश्चिम बंगाल में तैनात थे और छह मार्च को घर आए थे।

इस संबंध में मृतक के पिता गरीबदास की लिखित शिकायत पर 28 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। शुरुआती शिकायत में पड़ोसियों का नाम लिया गया था। चश्मदीदों की अनुपस्थिति में पुलिस ने तकनीकी और फॉरेंसिक सबूतों के आधार पर जांच की।

## देश का सॉफ्ट पावर केंद्र बन सकती है अयोध्याः मनोज सिन्हा

अयोध्या/ नयी दिल्ली। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या महज एक भौगोलिक स्थान नहीं है बल्कि भारत की सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत निरंतरता का प्रतीक है और यह पवित्र नगरी भारत की सॉफ्ट पावर का केंद्र बन सकती है। सिन्हा ने यहां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में आयोजित अयोध्या पर्व 2026 के दौरान कहा कि भगवान राम द्वारा प्रतिपादित सौहार्द, त्याग एवं साझा समृद्धि के मूल्य वैश्विक अस्थिरता के दौर में और अधिक प्रासंगिक हैं। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता सुरेश भैयाजी जोशी, अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह समेत अन्य लोग भी इस दौरान मंच पर मौजूद थे। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने कहा कि एक पवित्र नगरी के रूप में अयोध्या भारत की सांस्कृतिक जड़ों का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने रेखांकित किया कि कोई भी देश अपनी जड़ों का ध्यान रखे बिना आगे नहीं बढ़ सकता।

संक्षेप

## 43 हजार नकद व लाखों के जेवर ले उड़े चोर

सीतापुर।इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में गुरुवार देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर खिड़की की ईंटें हटाकर घर में घुसे और करीब 43 हजार रुपये नकद सहित लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार कंचनपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र मूलचंद के घर में चोरों ने सुनियोजित तरीके से प्रवेश किया। घर की एक खिड़की, जिसमें दरवाजा नहीं था और जिसे ईंटों से बंद किया गया था, चोरों के लिए आसान रास्ता बन गई। चोरों ने ईंटें हटाकर अंदर घुसते ही बक्सा तोड़ डाला और उसमें रखे 43 हजार रुपये नकद, पायल, झुमकी तथा 17 चांदी के सिक्के समेत करीब 5 लाख रुपये का सामान पार कर दिया। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तुरंत इमलिया सुल्तानपुर थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि खिड़की में दरवाजा न होने के कारण उसे ईंटों से बंद किया गया था, जिसे हटाकर चोर अंदर घुसे। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## दो दिन से लापता युवक का शव कमरे में लटका मिला

सीतापुर। पिसावाँ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़ा कला में शुक्रवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके कमरे के अंदर खूंटी से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कमल किशोर (पुत्र रामस्वरूप) के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से लापता था। जानकारी के अनुसार कमल किशोर घर में अकेला रहता था, जबकि उसके परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले के लोगों ने उसके कमरे के बाहर कुत्तों को इकट्ठा देखा। संदेह होने पर जब ग्रामीण वहां पहुंचे तो कमरे से तेज दुर्गंध आ रही थी और दरवाजा अंदर से बंद था। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लेने के बाद दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया, जहां कमल किशोर का शव खूंटी से लटका मिला। यह दृश्य देख आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। घटना के बाद गांव में दहशत और तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

# बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को बसाया



जिला संवाददाता(vol)

- जीविकोपार्जन के लिए तीन तहसीलों के चार गांवों में दी गई जमीन
- प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि समेत कई योजनाओं का मिल रहा लाभ

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की अलग-अलग तहसीलों के गांवों में बसाया गया है। इनमें धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के ग्राम मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर गांव में सर्वाधिक 156 परिवारों को बसाया गया है। इसके अलावा गोला तहसील के गांव ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को बसाया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास वर्षों पहले किया गया था और अब ये यहीं स्थायी रूप से रह रहे हैं।

इन विस्थापित परिवारों को बसाने के साथ ही उन्हें खेती के लिए जमीन भी आवंटित की गई। गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में बसे 37 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 3 एकड़ कृषि भूमि दी गई है। धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 60 परिवारों को प्रति परिवार औसतन 1.620 हेक्टेयर और 37 परिवारों को प्रति परिवार करीब 0.607 हेक्टेयर जमीन मिली है। मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 15 परिवारों को प्रति परिवार 3 एकड़, 9 परिवारों को प्रति परिवार 7 एकड़ और 17 परिवारों को प्रति परिवार 5 एकड़ कृषि भूमि का पट्टा दिया गया है। वहीं मियांपुर गांव में बसे 156 परिवारों को प्रति परिवार करीब 4.75 एकड़ जमीन दी गई है, जिससे वे खेती कर अपनी आजीविका चला रहे हैं।

### सरकारी योजनाओं का लाभ कई सुविधाएं पहुंचीं गांव तक

प्रशासन का कहना है कि इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं दी गई, बल्कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। पात्रता के आधार पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड-डे मील, समग्र शिक्षा योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जरिए इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी, दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि बांग्लादेश से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश पहुंचे 331 हिंदू परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनपद लखीमपुर की 3 तहसीलों में बसाया गया है। इन परिवारों को न सिर्फ कृषि योग्य जमीन आवंटित की गई, बल्कि राज्य व केंद्र सरकार की सभी जन-कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया है।

## अहिल्या उद्धार प्रसंग से गुंजायमान हुआ सोनासर धाम

सीतापुर। रेउसा क्षेत्र के मां देवी सोनासर मंदिर परिसर सेउता में चल रहे शतचंडी महायज्ञ और रामलीला के पांचवें दिन रामलीला नाट्य कला मंडल के कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को त्रेतायुग की अनुभूति करा दी। मंचन के दौरान जब भगवान श्रीराम ने महर्षि विश्वामित्र के साथ जाते समय पत्थर बनी अहिल्या का अपने चरण स्पर्श से उद्धार किया, तो पूरा पंडाल ह्लजय श्रीरामह्व के जयघोष से गूंज उठा। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति और भावपूर्ण संवाद अदायगी ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं और सभी श्रद्धा व भक्ति में सराबोर हो गए। शतचंडी महायज्ञ की पावन आहुतियों और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरे क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बना हुआ है। अहिल्या उद्धार का यह प्रसंग यह संदेश देता है कि ईश्वर की शरण में आने से हर पाप और श्राप का अंत संभव है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम भी साबित हो रहा है।

## गोली लगने से किशोर की मौत पिता ने लगाया हत्या का आरोप

लखीमपुर खीरी। सुआगड़ा निवासी अंश झा की गोली लगने से हुई मौत के मामले परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। घटना की जानकरी होने पर सीओ सदर कोतवाल सदर राजेश कुमार सिंह के साथ परिजनों से मिलने पहुँच गए। परिजन हत्या का आरोप लगाते हुवे गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित नजर आये। परिजनों ने कहा जब तक आरोपियों की गिरफ़्तारी नहीं हो जाती हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। बताते चले कि 2 दिन पहले अंश झा निवासी सुवागाढ़ा कोतवाली सदर अपने दोस्तो शुभम कुमार निवासी सुआगड़ा, नितिन सिंह मिक्कू निवासी सुआगड़ा के साथ घूमने निकला था शाम तक जब वो वापस नहीं आया तो परिजनों नें दोस्तो को फोन किया जिसमें दोस्तो ने बताया कि उसकी तबियत खराब हो गई है, तो उसको गोला रोड़ स्थिति एक अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन जब पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसको गम्भीर बताते हुये लखनऊ के लिये रेफर कर दिया। परिजनों को बताया कि पटाखे से जला है। लखनऊ में जब एक्सरा कराया गया तो शरीर में गोली की पुष्टि हुई। परिजन उसको लखनऊ ले गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन अंतिम संस्कार न करने की बात करते रहे। परिजनों की मांग है कि जब तक हत्यारो की गिरफ्तारी नहीं हो जायेगी तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जायेगा। लखीमपुर शहर के लॉ माटीना स्कूल के पीछे ग्राम सुआगड़ा कोतवाली सदर का मामला बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक यह साफ नहीं हो पाया है कि गली किस कारण से मारी गई और किसने गोली मारी फिलहाल दोनों दोस्तों को कोतवाली सदर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## आंदोलन की चेतावनी के बीच पुलिस का फ्लैग मार्च

सीतापुर। रामनवमी के दिन मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान हुए विवाद को लेकर तंबौर में माहौल गरमा गया। हिंदू संगठनों द्वारा पुलिस कार्रवाई के विरोध में बड़े आंदोलन की घोषणा के बीच शुक्रवार को कस्बे में कई थानों की पुलिस ने पैदल फ्लैग मार्च कर शक्ति प्रदर्शन किया। हालांकि तय कार्यक्रम के दिन हिंदू संगठनों ने अचानक अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। संगठनों का कहना है कि जिले स्तर पर पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ता जारी है और जल्द ही इस मामले का संतोषजनक समाधान निकलने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि रामनवमी पर ड्रोन से यात्रा की कवरेज कर रहे युवक की दूसरे समुदाय के युवक से टक्कर हो गई थी, जिसके बाद पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से हिंदू संगठन नाराज थे। आरोप है कि पुलिस ने मामले में हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और शिकायत लेकर पहुंचे कार्यकताओं के साथ सख्ती दिखाई। शुक्रवार को देवी मंदिर पर बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकताओं के बीच सन्दीप बजरंगी ने कहा कि फिलहाल बातचीत को मौका देते हुए आंदोलन स्थगित किया गया है। लेकिन यदि समाधान नहीं निकला तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इधर, संभावित तनाव को देखते हुए थाना प्रभारी तालगांव दिनेश कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर अपराध लहरपुर सुरेश पटेल और थाना प्रभारी तंबौर बृजेश राय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने कस्बे के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।



## मृतक बच्ची के परिजनों से मिलने पहुंचे सांसद



निघासन खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र के फुटहा फार्म में तेंदुए के हमले में सात वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत के मामले में 28 खीरी लोक सभा सांसद उत्कर्ष वर्मा व चौधरी हिमांशु पटेल शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।

सांसद उत्कर्ष वर्मा ने मृतक बच्ची के पिता सरदार जोग सिंह के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुःखद और हृदय विदारक घटना है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले को उन्होंने पहले ही लोकसभा में उठाया है और वन विभाग तथा प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की गई है। सांसद ने अधिकारियों से क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान अशोक वर्मा, लाल मोहम्मद, ग्यासुद्दीन सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आज मिश्रिख क्षेत्र में गृह विभाग के अंतर्गत थाना सदना की पुलिस चौकी कैलाश आश्रम के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए परिसर में लगाई गई इंटरलॉकिंग को तत्काल उखड़वा दिया।

जांच में पाया गया कि इंटरलॉकिंग के नीचे निर्धारित मानक के अनुसार बजरी नहीं डाली गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने ठेकेदार की भुगतान कटौती करने तथा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, जेई द्वारा निरीक्षण में कमियों को नजरअंदाज करने पर भी नाराजगी जताते हुए उन्हें नोटिस जारी करने के आदेश दिए। डीएम ने पूरी इंटरलॉकिंग को दोबारा सही मानक के अनुसार कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चैकी परिसर में बन रही हवालात का भी जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शौचालय सहित सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरे किए जाएं तथा अच्छी सामग्री का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद डीएम ने विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत अनोगी में युवा कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे ग्रामीण स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में और पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। डीएम की इस कार्रवाई से निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

## एआईएम कॉलेज का वार्षिक सम्मान समारोह बना भावनाओं का उत्सव



सीतापुर। एआईएम सीबीएसई कॉलेज, बारी (सिधौली) में आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह इस बार भावनाओं, गर्व और प्रेरणा का अनूठा संगम बन गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के शहरी विकास मंत्री राकेश राठौर उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. महेश पांडेय एवं गेस्ट ऑफ ऑनर कर्नल राजेश त्रिवेदी ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई। कॉलेज के सचिव एडवोकेट एम. एस. फरीदी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। समारोह का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा। मंच पर सम्मानित होते बच्चों की चमकती आंखें और तालियों की गूंज ने माहौल को उत्साह से भर दिया। वहीं अभिभावकों के लिए यह पल बेहद भावुक रहा, कई की आंखें खुशी से नम हो उठीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन में रंग भर दिए। नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशिष्ट अतिथियों ने भी शिक्षा, अनुशासन और देशभक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समारोह ने यह संदेश दिया कि एआईएम सीबीएसई कॉलेज केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का सशक्त मंच है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम फूलपुर निवासी धर्मवीर पुत्र जगत नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च की शाम करीब आठ बजे गांव के ही काशीराम पुत्र जगमोहन, जगमोहन पुत्र दुजई और मोनू निवासी गोपालापुर शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने एक राय होकर लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर और शरीर में चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद वह कोतवाली पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चैती मेले के सांस्कृतिक मंच गीत-संगीत और नृत्य की हुई प्रस्तुति




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले के छठवें दिवस सांस्कृतिक मंच पर राजेश दीक्षित एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत गीत-संगीत और नृत्य कार्यक्रम ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। रंगारंग प्रस्तुतियों और लोकप्रिय गीतों की गूंज से पूरा मेला परिसर उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा अनुराग मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष भारत विकास परिषद छोटी काशी के अध्यक्ष अनुज खरे तथा विशिष्ट दिनेश मिश्रा, एडवोकेट सतेंद्र सिंह, समाजसेवी वारिस सिद्दीकी, प्रकाश सिंह, रत्ना अवस्थी, डॉ. योगेश कनौजिया, संजय अग्निहोत्री समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह व पुष्पमालाओं से किया गया और कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐतिहासिक चैती मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत है, जिसे भव्य स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष अनुज खरे ने कहा कि चैती मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और परंपराओं को जीवित रखने का भी सशक्त मंच है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सावन, प्रेम और विरह से जुड़े लोकप्रिय गीतों से हुई। सावन के झूलों ने मुझको बुलाया, मैं परदेशी घर वापस आया और तुमसे मिलकर न जाने क्यों याद आता है जैसे गीतों ने माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके बाद पर्दा है पर्दा, दर्द-ए-दिल दर्द-ए-जिगर जैसे सदाबहार गीतों पर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। कलाकार संजना ने रात बाकी, बात बाकी, चुरा लिया है तुमने, गोरी हैं कलाइयां, लग जा गले जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं निधि ने ह्यमेरे नसीब में तू है कि नहीं, जाने क्यों लोग मोहब्बत किया करते हैं, मिलती है जिंदगी में मोहब्बत कभी-कभी जैसे गीतों के माध्यम से श्रोताओं का दिल जीत लिया। गायत्री ने वादा न तोड़ और सोलह बरस की बाली जैसे गीतों पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर राम मोहन सोनी, पूर्व सभासद अयूब खान, सेवानिवृत्त शिक्षक श्याममूर्ति शुक्ला, पूर्व सभासद विश्वनाथ राजपूत, सभासद इजरान अहमद, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र बाल्मीकि, आनंद सोनी, हर्ष अवस्थी, सौरभ तिवारी, सुफियान खान, नानक चंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, राजेश अवस्थी, मोहित कनौजिया, सुरेश जायसवाल, कफील अहमद, नामित सभासद गीता विश्वकर्मा, रामचंद्र राठौर, सेंट्रल बार संघ गोला के महामंत्री संदीप अवस्थी, एसआई नगर पालिका संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, वरिष्ठलिपिक अमित श्रीवास्तव, विमलेश वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, विशाल शुक्ला, राहुल , अंकित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### आज स्कूली बच्चों का होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर 4 अप्रैल 2026 को सायं 7 बजे से स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।


# कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, जनपद-उन्नाव

E-mail:-nppmaurava@gmail.com

संख्या - 02/ न.पं. मौ./अ.क.नि.सू. /2026-27 — दिनांक :- 02.04.2026

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मा/एजेन्सियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मौरावाँ में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत बुनियादी अनुदान व निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किश्त की धनराशि से नीचे दर्ज विवरण के अनुसार करवाये जाने वाले कार्य हेतु निविदा दिनांक-24/04/2027 को अपरान्ह 1.00 बजे तक प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय उन्नाव के कार्यालय कक्ष में आमन्त्रित की जाती है। जो उक्त तिथि को अपरान्ह - 2.00 बजे प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय उन्नाव के समक्ष अधोहस्तारक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय स्वयं ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं, निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा करके दिनांक-23/04/2027 समय 10.00 बजे से सांय-5.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ 2% जमानत नकद/ एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ से प्राप्त की जा सकती है। अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ से प्राप्त की जा सकती है ।

**15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत द्वितीय किश्त की बुनियादी अनुदान व निर्दिष्ट अनुदान से कराये जाने वाले कार्य का विवरण**

| क्र. सं. | मद | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि 2% | निविदा शुल्क 0.2%+18% जी.एस.टी. | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 15वां वित्त आयोग बुनियादी अनुदान की द्वितीय किश्त | वार्ड नं.-05 लोकईया खेड़ा में (लक्ष्मीपुरम) में सिराज के मकान से बड़कऊनू के मकान से हिलौली रोड तक इंटर लाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 9,42,938.00 | 18,859.00 | 1886.00+340.00 =2226.00 | 3 माह |
| 2 | 15वां वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किश्त | नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव के वार्ड नं.-1,2,3,4,5,6 में नाली व रोड क्रास के मरम्मत का कार्य। | 5,14,239.00 | 10,285.00 | 1028.00+185.00 =1213.00 | 3 माह |
| 3 | | नगर पंचायत मौरावाँ, उन्नाव के वार्ड नं.-7,8,9,10,11,12 में नाली व रोड क्रास के मरम्मत का कार्य। | 5,09,397.00 | 10,188.00 | 1018.00+185.00 =1203.00 | 3 माह |

**शर्ते.** 1. निविदा में दर समस्त व्यय सहित दी जायेगी ।
2. स्वीकृत निविदादाता को सूचना उपरान्त निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करना होगा ।
3. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना होगा ।
4. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी. व अन्य कटौतियों पश्चात भुगतान किया जायेगा ।
5. किसी एक या समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि नकद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा ।
7. निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को जिलाधिकारी द्वारा जारी अगामी 31 मार्च, 2027 तक मान्य चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकन प्रमाण-पत्र /आयकर विभाग में पंजीयन प्रमाण-पत्र व जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य होगा। संलग्न न होने की दशा में निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी ।
8. नगर पंचायत मौरावाँ में पंजीकरण श्रेणी अनुसार किया जायेगा। अतिरिक्त सूचना कार्यालय से कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**(संतोष चतुवेर्दी)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मौरावाँ-उन्नाव**

**(विवेक सेठ)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मौरावाँ-उन्नाव**

संक्षेप

## पोखरे में मिली श्रमिक की लाश हत्या का आरोप

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के सरायचंद गांव में स्थित एक पोखरे में श्रमिक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन बार.बार हत्या का आरोप लगा रहे हैं।परिजनों के अनुसार गांव के 35 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार गौड़ पुत्र धनु गौड़ गुरुवार लगभग 9 बजे खेत काटने के लिए उसे बुलाकर ले गया। दूसरे दिन शुक्रवार को सवेरे धर्मेंद्र की लाश गांव में ही स्थित पोखरे में देखी गई।जैसे ही यह खबर ग्रामीणों को लगी मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई।परिवार के लोग भी रोते बिलखते हुए पहुंच गए।परिजन आरोप लगा रहे हैं कि गांव के व्यक्ति द्वारा की हत्या करके लाश को पोखरे में फेंक दिया गया है। हत्या का कारण पूछे जाने पर परिजनों ने बताया कि मजदूरी को लेकर के विवाद चल रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष लक्ष्मण विक्रम सिंह मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि देखने से पानी में डूब कर मृत्यु होने की घटना प्रतीत हो रही है। मौत का सही कारण जानने के लिए लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसा मूर्खा गांव के पास उस समय हुआ जब तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। ट्रेलर आजमगढ़ की ओर जा रहा था, जबकि बाइक सवार वाराणसी की दिशा में आ रहा था।इसी दौरान दोनों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और वह दो हिस्सों में बंट गई।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बजरंग नगर चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से ट्रेलर को कनौरा ग्राम सभा के पास कब्जे में ले लिया। हालांकि, हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

## किशोर की करंट लगने से मौत

जौनपुर।गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बारी गांव में शुक्रवार दोपहर एक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई।इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।इसी थाना क्षेत्र के बारी गांव निवासी 14 वर्षीय लाल बिहारी का पुत्र राज यादव के घर में बिजली की तकनीकी खराबी को ठीक करने का प्रयास कर रहा था।इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही गिर पड़ा। हादसे के समय घर पर कोई परिजन मौजूद नहीं था।कुछ देर बाद जब परिजन घर पहुंचे तो राज को जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा देखा। आनन.फानन में उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर गौरा बादशाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

## लाखों की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़

सोनभद्र। सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)। जिले में एसआईटी ने जीएसटी कर चोरी के बड़े मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह पूरा नेटवर्क फर्जी फर्म बनाकर सिर्फ कागजों पर व्यापार दिखाकर सरकार को चूना लगाने का था। वही पुलिस की जांच मे 70 लाख रुपये की जीएसटी चोरी, आईटीसी के नाम पर खेल जांच में सामने आया कि आरोपी ने बोगस फर्म बनाकर फर्जी लेन-देन दिखाया इनपुट टैक्स क्रेडिट ( ) के नाम पर लगभग 70 लाख रुपये की जीएसटी चोरी की डीके एसोसिएट नाम से फर्जी फर्म तैयार कर पूरा नेटवर्क चलाया आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी मे पुलिस ने आसिफ अली उर्फ रुस्तम अली, निवासी डाला बाजार, थाना चोपन को गिरफ्तार किया है।आरोपी को चोपन थाना क्षेत्र के डाला वैष्णो मंदिर के पास से दबोचा गया। एसआईटी की कार्रवाई जारी एसआईटी अब इस पूरे मामले में जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क की जांच में जुट गई है।आशंका है कि इस फजीर्वाड़े में और भी लोग शामिल हो सकते हैं।यह कार्रवाई दिखाती है कि टैक्स चोरी और फर्जी फर्मों के जरिए सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों पर अब सख्त कार्रवाई हो रही है।

# जनगणना से होगा जन कल्याण: डीएम



आजमगढ़।जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महत्व के समयबद्ध जनगणना-2027 विषयक जिला स्तरीय समन्वय समिति से सम्बन्धित कार्यों को ससमय पूर्ण कराने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। प्रगणक व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण 16 अप्रैल 2026 से 06 मई 2026 की समयावधि में संबंधित तहसील पर आयोजित किया जायेगा। स्वगणना का कार्य 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित किया जायेगा। 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का फील्ड कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से जनगणना 2027 राष्ट्रीय कार्य में सक्रीय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वाहन किया है। उन्होने जनपद वासियों से स्व गणना पोर्टल डाउनलोड कर घर बैठे पंजीकरण की अपील किया है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 07 अप्रैल 2026 तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जनपद के समस्त चार्ज अधिकारियों को प्रगणक/ सुपरवाइजर के रूप में कार्य करने हेतु प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों की सूची जनपद के समस्त चार्ज अधिकारियों यथा तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी को उपलब्ध करा दी जायें।चार्ज अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि उपलब्ध करायी गयी सूची पर इस आशय का प्रमाण-पत्र भी अंकित किया जाये कि सूची में अंकित कार्मिक कि सेवानिवृत्ति की तिथि दिनांक 31 मार्च 2027 के पूर्व नहीं है तथा सूची में अंकित महिला कार्मिक प्रसूता अवकाश या चाईल्ड केयर अवकाश पर नहीं है।जनपद में मकान सूचीकरण ब्लाकों की मैपिंग एवं गठन के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करने के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मकान सूचीकरण ब्लाकों के गठन की कार्यवाही शासन के निदेर्शानुसार शीघ्र पूरी कर ली जायें।प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के तहसील स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था उपखण्ड के उप जिलाधिकारी/उप जिला जनगणना अधिकारी द्वारा समय से सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण का कार्य 16 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ कर 30 अप्रैल 2026 तक पूर्ण कर लिया जाये, ताकि प्रथम चरण के स्वगणना का कार्य 07 मई से पोर्टल पर प्रारम्भ होने एवं 22 मई से 20 जून तक मकानों की गणना कराने के पूर्व कार्मिकों को अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया जा सकें।

## अपनी मांगों को लेकर राशन विक्रेताओं ने की बैठक



सोनभद्र।रॉबर्ट्सगंज में दंडईत बाबा परिसर में शुक्रवार को ऑल इंडिया फेयर प्राइज शॉप डिलर्स के बैनर तले कोटेदारों ने अपनी विभिन्न मागो को लेकर की गई बैठक।

अध्यक्षता कर रहे विनोद कुमार ने बताया की कोटेदारों (राशन विक्रेताओं) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में कोटेदार शामिल हुए। बैठक में राशन वितरण प्रणाली से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान कोटेदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे आम जनता तक वितरण प्रभावित हो रहा है।इसके अलावा ई-पॉस मशीनों की तकनीकी खराबी, कमीशन में असमानता और प्रशासनिक दबाव जैसे मुद्दे भी प्रमुख रूप से उठाए गए। कोटेदारों ने यह भी कहा कि लगातार बढ़ती जिम्मेदारियों के बावजूद उन्हें उचित पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है।कई वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि कोटेदारों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए।बोरे की समस्या सहित पांच सौ से कम होने पर मर्ज करने का काम किया जा रहा है जिसका विरोध करते हुए।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।इसके लिए एक समिति का गठन भी किया गया, जो प्रशासन से वार्ता कर मुद्दों को उठाएगी।कार्यक्रम के अंत में सभी कोटेदारों ने एकजुटता का संदेश देते हुए अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## पीपा पुल क्षतिग्रस्त होने पर विधायक ने लोनिवि के अधिकारियों को लगायी फटकार



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। मीरजापुर नगर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक रत्नाकर मिश्रा का उद्घाटन किया गया प्लाटून पुल 15 दिन में क्षतिग्रस्त हो गया, इससे उनका पारा चढ़ गया उन्होंने जमकर संबंधित विभाग के जिम्मेदार को फटकारते हुए दो टूक चेतावनी दे डाली है।पीपा पुल टूटने से राहगीर जान जोखिम में डालकर गंगा नदी पार कर रहे है।वीडियो वायरल होने पर विधायक ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को फोन पर फटकार लगाई है, कहा कि आज सही हो जाना चाहिए वहीं सपा-बसपा पर भी उन्होंने निशाना साधा है।

बता दें कि जनपद में गंगा नदी में बना एक प्लाटून पुल क्षतिग्रस्त होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा इस प्लाटून पुल को 15 दिन पहले सदर बीजेपी विधायक रत्नाकर मिश्रा ने उद्घाटन किया था। क्षतिग्रस्त पुल एक बड़ा हादसा होने का दावत दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद विधायक रत्नाकर मिश्रा ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईन को फोन पर फटकार लगाई है। कहा है कि आज पुल हर हाल में सही हो जाना चाहिए। पीपा पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से हमारा छिछालेदर हो रहा है। पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने फोन पर जवाब दिया कि पानी कम होने के कारण नहीं हो पा रहा है। विधायक ने कहा क्रेन से उसे दुरुस्त करवाया जाए। पूरा मामला हरसिंहपुर और विंध्याचल धाम को जोड़ने वाला प्लाटून पुल का है। बता दें कि 18 मार्च को नवरात्र के पहले सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने इस का उद्घाटन किया था। जो अब भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया है। इस प्लाटून पुल से विंध्याचल आने वाले और जाने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत के लिए निर्माण कराया गया था। वहीं दूसरी ओर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जानकारी होने पर अधिकारियों से कहा गया है जल्दी सही कर लिया जाएगा, आंधी पानी के कारण सही हो जाता है जो धंस गया है। वहीं उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ ही बसपा पर निशाना साधा है सपा के सोशल मीडिया पर पीपा पुल की खबर पोस्ट किए जाने को लेकर नगर विधायक ने कहा सपा सरकार में 3 बार मुख्यमंत्री रहने के बाद भी एक पुल नहीं बनवाया जा सका, विधायक ने सपा के साथ बसपा पर भी साधा निशाना कहा बाप के बाद बुआ भी आई लेकिन पुल नहीं बनवा पाई।

## जन कल्याण के लिए कराया सुंदरकांड का पाठ



सोनभद्र। हनुमान जयंती के शुभ अवसर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा के जनपद मुख्यालय स्थित इंद्रपुरी कॉलोनी आवास पर विधि विधान के साथ सुंदरकांड का भव्य पाठ किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि जन कल्याण की भावना से हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया गया है।रामचरितमानस के पांचवें अध्याय में सुंदरकांड अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।इसकी रचना महान संत गोस्वामी तुलसीदास ने 16वीं शताब्दी में की थी।यह एक ऐसा खंड है जो पूर्ण रूप से हनुमान जी की वीरता, भक्ति और पराक्रम को समर्पित है।सुंदरकांड में सीता माता की खोज, सुरसा का सामना, लंका में प्रवेश, अशोक वाटिका का विध्वंस और लंका दहन जैसी कई महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन मिलता है। इन सभी प्रसंगों का गहरा आध्यात्मिक महत्व है और इन्हें अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। यही कारण है कि सुंदरकांड को एक शक्तिशाली आध्यात्मिक ग्रंथ और योग साधना का महत्वपूर्ण आधार भी माना जाता है। इस अवसर पर रेनू सिंह,मीना,विजया, साक्षी, मनीषा, कुमकुम, कविता, मंजू समेत बड़ी संख्या में अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

## आग से ढाई बीघे गेहूं की फसल राख



जौनपुर।चन्दवक के डोभी क्षेत्र के खुज्झी गांव में शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई।जिससे गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई।इस घटना में करीब ढाई बीघे गेहूं की फसल के नुकसान की बात सामने आई है।ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाए लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।गांव निवासी जंग बहादुर यादव यपुत्र राजाराम यादवद्ध ने बताया कि उनकी लगभग दो बीघे गेहूं की फसल जल गई।वहीं प्रमिला सिंह यपत्नी स्वण काशीनाथ सिंह के अनुसारए उन्हें करीब 5 बिस्सा फसल का नुकसान हुआ है।गांव के ही नरेंद्र यादव ने ट्रैक्टर की मदद से आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान आग बुझाने के प्रयास में वे हल्का झुलस भी गए।जानकारी मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी और राजस्व विभाग के लेखपाल उमेश सोनकर मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन करने में जुट गए हैं।

## प्राथमिक विद्यालय मझियार में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह संपन्न



मीरजापुर। लालगंज विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मझियार में गुरुवार को प्रधानाध्यापक गणेश दुबे के अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव समारोह एवं कक्षा पांच के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति एवं प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिला।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों ने स्कूल चलें हम समूह नृत्य और ऑपरेशन सिन्दूर, फैशन शो एवं पर आधारित डांस परफॉर्मेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश दुबे ने अभिभावकों को अपने बच्चों के नए सत्र में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए नियमित विद्यालय आने के लिए भी आग्रह किया।इस मौके पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेही के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार मौर्या ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर कक्षा पांच के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन किशुन लाल विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

# लू से जनहानि को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हीट वेब से बचाव हेतु जन जागरूकता पर दें बल

आजमगढ़। जिलाधिकारी/ अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव (लू) से बचाव एवं इसके प्रभावों को न्यून करने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी गर्मी के मौसम में संभावित हीट वेव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने, जनसामान्य को सुरक्षित रखने तथा राहत एवं प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में लू से जनहानि को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय रहते आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें तथा जनसामान्य को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### हीट वेव से बचाव के लिए विभागों को दिए गये निर्देश

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पंचायत राज विभाग, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, नलकूप विभाग तथा अग्निशमन विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था, छायादार स्थानों की उपलब्धता तथा जनजागरूकता के उपायों को प्राथमिकता दी जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी सीएचसी एवं पीएचसी केंद्रों पर लू से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं, ओआरएस, आईवी फ्लूड तथा अन्य जरूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही ग्राम स्तर तक आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से लू से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

### स्कूलों में समय परिवर्तन व जागरूकता अभियान

शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि आवश्यकता के अनुसार विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया जाए, ताकि छात्र-छात्राएं अत्यधिक गर्मी के समय विद्यालय आने-जाने से सुरक्षित रह सकें। साथ ही प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाए कि कक्षाओं के बाहर लू से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें संबंधी पंपलेट एवं सूचना-पत्र चस्पा कराए जाएं तथा बच्चों को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए।

## नगर मे निकली निशान यात्रा



सोनभद्र।हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में सोनभद्र नगर के उत्तर मोहल स्थित अवतार उपवन के हनुमान मंदिर द्वारा दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन बाल हनुमान मंदिर द्वारा भव्य निशान यात्रा निर्मल कुमार केडिया के नेतृत्व में ब्रम्ह बाबा गली से निकाला गया।जिसमें की हनुमान भक्त हाथों में भगवा ध्वज लिए जय श्री राम हनुमान के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे तो वही यात्रा में बैंड बाजे की धुन पर युवक-युवतिया थिरक रहे थे।यह निशान यात्रा शीतला मंदिर चैराहे से प्रारंभ हुई और नगर का भ्रमण करते हुए अवतार उपवन में स्थित हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।जहां पर बजरंगबली की भव्य आरती अनूज केडिया व हरीकिशोर केडिया द्वारा की गई और उपस्थित सभी भक्तजनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया इसके पश्चात बधाई उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें की सुप्रसिद्ध राजन अग्रहरि, सुनीता सावारियां व नीरज केजरीवाल उनके टीम द्वारा हनुमान जन्म उत्सव से संबंधित एक से बढ़कर एक भजनों का गायन किया गया।जिसे सुनकर वहां उपस्थित सभी श्रद्धालु झूमने लगे।कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को हनुमान जन्म उत्सव का प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर भाजपा सदर विधायक भूपेश चैबे, संजय श्रीवास्तव कार्यक्रम के संयोजक निर्मल केडिया, अनुज केडिया, हरिकिशोर केडिया, कृष्ण मुरारी गुप्ता, दीपक केसरवानी, अशोक अग्रवाल, पवन अग्रवाल, शिखर केडिया, स्तुति संकल्प, तरुण, राघव, अंजू केडिया, सीमा, ओम प्रकाश बजाज, ज्योति प्रकाश अग्रवाल, दीप्ति, साची बजाज, निताची अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## बच्चों को बेहतर और प्रभावशाली बनाने के लिए अभिभावक काम नहीं, किताब दें: एबीएसए

मीरजापुर। नगर क्षेत्र से लगे सनबीम कान्वेन्ट स्कूल जिउती संडवा रोड के छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही अभिभावक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें 257 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती की गई। जहां अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर रविन्द्र कुमार शुक्ल ने बच्चों को पुरस्कार वितरित करते हुए कार्यक्रम को प्रभावशाली बताया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा बच्चों को नित्य प्रति दिन कुछ बेहतर करने और बेहतर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने, घरेलू कार्यों में न लगाने तथा बच्चों पर ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती स्नेहा ने किया। जबकि मंच का संचालन मनमोहन यादव ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त अध्यापक स्टाफ व बच्चों सहित आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित रहे।




## शिकायत की जांच करने पहुंची टीम से अभद्रता

जौनपुरा। सिरकोनी ब्लॉक के बाकराबाद गांव में एक अप्रैल को शिकायत की जांच करने पहुंची सदस्यीय टीम के सामने शिकायतकर्ता ने अपने एक सहयोगी के साथ अभद्रता किया ।ग्राम प्रधान व सचिव ने इसकी तहरीर पुलिस को दिया है। उक्त गांव निवासी अजय कुमार मौर्य पुत्र रामजियावन मौर्य व कई अन्य लोगों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यो में धांधली का आरोप लगाते हुए शिकायत डीएम दिनेश चंद्र को प्रार्थनापत्र दिया था। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल को टीम बनाकर जांच कराने का निर्देश दिया। जिसके बाद खण्ड विकास अधिकारी श्री जायसवाल ने एडीओ ग्राम्य विकास रामजी सिंह, मीनू गुप्ता जेई आरईडी, रामकुमार सिंह तकनीकी सहायक की संयुक्त टीम बनाकर एक अप्रैल को गांव में भेजा। शिकायत कर्ता अजय कुमार मौर्य को भी समय पर पहुंचने का संदेश दिया गया। समय पर ग्राम प्रधान पोल्हन मौर्य, सचिव आरती मौर्या व लेखपाल आदि पहुंच गए। जांच अधिकारियों ने जब शिकायत करने वाले अजय कुमार से हैण्डपम्प के रिपेयरिंग में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर पूछा तब वह टालने लगा।आरोप है उसके साथ एक बाहरी व्यक्ति भी कुछ कहने लगा। जिसपर प्रधान ने आपत्ति किया। इसी बात पर शिकायत कर्ता अभद्रता करते हुए मामले की जांच हाईकोर्ट से करवाने की बात कहकर वहां से उठ कर चला गया।जांच टीम के अधिकारी रामजी सिंह ने बताया कि यह व्यक्ति इसके पहले दो बार शिकायत किया था।जब जांच टीम पहुंची तब यह नही आया।इस बार इसने व इसके साथ के एक व्यक्ति ने अभद्रता करते हुए सचिव व प्रधान पर अभद्र टिप्पणी किया। जांच टीम ने इसकी लिखित जानकारी अधिकारियों को दे दिया है। इस मामले को लेकर प्रधान पोल्हन मौर्य, सचिव आरती मौर्या व लेखपाल ने कई प्रधानों के साथ जलालपुर थाने पर पहुंच कर तहरीर दिया है। थानाप्रभारी गजानंद चौबे ने बताया कि दोनो पक्षों को शनिवार को बुलाया गया है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क पर अवैध सीढ़ी निर्माण कर दी धमकी

जौनपुर। नगर के मियांपुर मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा नया निर्माण किया गया है और तीन फिट सड़क पर सीढ़ी बना लिया गया है। इससे आवागमन में परेशानी



हो रही है जब लोग रास्ते का अवरोध हटाने की बात करते है तो मकान निर्माण करने वाला धमकी देता है। इस समस्या को लेकर मियांपुर मोहल्ला निवासी बबलू कुमार ने नगर मजिस्ट्रेट से षिकायत किया। उनको दिये गये आवेदन में कहा गया कि उनके पड़ोसी मिलेन्द्र कुमार मकान निर्माण के बाद तीन फिट तक नाली के ऊपर सड़क पर सीढ़ी निकाल लिये है। इससे रास्ता सकरा होने के साथ वाहनों के आने जाने में परेशानी पैदा हो रही है। जब इस अवैध सीढ़ी को जब हटोने के लिए कहा गया तो दबंगई दिखाते हुए कहता है कि जो करना हो कर लो सीढ़ी नहीं हटेगी। मांग किया उक्त अवैध सीढ़ी निर्माण को रास्ते से हटाने की कृपा करें।

## सुमिरि पवन सुत पावन नामू अपने बस करि राखे रामू

जौनपुर। मानस प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद में श्री राम चरित मानस सम्मेलन का 49वाँ आयोजन गुरुवार की सायंकाल हुआ। जो मंगलवार 7 अप्रैल तक चलेगा । जिसमे जाने माने व्यासगण अपनी मधुर वाणी



से मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम कथा की अविरल धारा में श्रोताओं को भक्ति रस में डुबोयेंगे। श्री राम कथा के प्रथम दिवस पर पंडित महेंद्र जी शास्त्री (मानस मणि) झांसी ने हनुमान जन्मोत्सव पर परम वीर हनुमान जी की भक्ती की चर्चा करते हुए कहा कि भगवान श्री राम का नाम इतना महान है कि हनुमान जी द्वारा लगातार रटते हुये उन्होंने राम चन्द्र जी को अपने दिल में बसा लिया था। सुमिरि पवन सुत पावन नामू, अपने वश करि राखे रामू।। फतेहपुर से पधारे व्यास पण्डित राकेश पाण्डेय ने हनुमत चरित्र की दिव्य चर्चा करते हुए कहा कि हनुमान जी ने सुग्रीव को प्रभु श्रीराम से मिलवाया तो उन्हें राज पद मिला। विभीषण को भगवान श्री राम से मिलवाया तो वह लंका का राजा बना। इसी तरह हनुमत की कृपा से ही भगवान श्री राम मिल जाते हैं। प्रो०आर एन त्रिपाठी, सुरेन्द्र कुमार मौर्या, ईश्वर चन्द्र, जगदीश चन्द्र गुप्त, ओमप्रकाश गुप्त, सुरेन्द्र कुमार जायसवाल, अनिल कुमार जायसवाल, रामआसरे साहू, रमेश चंद्र जायसवाल, रमेश सेठ, मनोज वर्मा, संजय सेठ जेब्रा, स्कन्द भार्गव, दिनेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## एलपीजी गैस की किल्लत बरकरार उपभोक्ता हो रहे निराश

आजमगढ़। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे जंग की तपिश के चलते जिले में एलपीजी गैस की किल्लत अभी भी बरकरार है। रसोई गैस संकट के हालात अभी नहीं सुधर रहे हैं। इसका सीधा असर रसोइयों तक पहुंच गया है। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति रूकने से घरेलू गैस सिलेंडर की डिमांड बढ़ गई हैं। जिसके चलते जमाखोरी के साथ ही कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को जिला आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने एजेंसियों के साथ ही अन्य दुकानों पर छापेमारी की। गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं की दुश्वारियां अभी खत्म नहीं हो रही है। गैस एजेंसियों के गोदामों पर गैस सिलेंडर के लिए शुक्रवार को सुबह पांच बजे से ही लाइन लग गई थी। जिन लोगों ने पहले से बुकिंग कराई थी, उनको गैस सिलेंडर मिल गए, लेकिन जिनकी बुकिंग पहले से नहीं थी, उन्हें निराश होना पड़ा।

संक्षेप

## चेक बाउंस मामले में दोषी को दस लाख का अर्थदंड

मिल्कीपुर-अयोध्या। अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम योगिता कुमार की अदालत ने छः लाख रुपये चेक बाउंस मामले में दोषी पाए जाने पर मनोजधर को एक वर्ष छः माह के साधारण कारावास और दस लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। थाना कुमारगंज के बाजार निवासी विनय कुमार गुप्ता ने अपने अधिवक्ता सतीश पांडेय के माध्यम से अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत परिवाद दाखिल किया।

दायर परिवाद में परिवादी ने कहा गया है कि उन्होंने विपक्षी मनोज धर दुबे निवासी शिवनाथपुर थाना कुमारगंज को प्लॉट खरीदने हेतु 6 लाख रुपये बैंक खाते (आदित्य ट्रेडर्स) में दिए थे। आरोपी ने वादी को आश्वासन दिया था कि वह तय समय में प्लॉट का रजिस्ट्रेशन करा देगा। परंतु काफी समय बीतने के बाद भी मनोज धर दुबे ने न तो प्लॉट दिया और न ही पैसा लौटाया।

# वैश्विक संगम से तीन हजार करोड़ के निवेश की संभावना

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव 2026 का समापन बड़े स्तर पर भागीदारी और निवेश की मजबूत संभावनाओं के साथ संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस आयोजन ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया गया।भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में 2,300 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल हुए।इनमें 2,000 से ज्यादा भिक्षु, विद्वान, नीति-निमार्ता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ थे, जबकि 300 से अधिक विदेशी मेहमान थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल जैसे देशों से पहुंचे।कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों में करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं सामने आईं।होटल और रिजॉर्ट बनाने वाली कंपनियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योगों ने कुशीनगर में निवेश को लेकर रुचि दिखाई। यहां दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई, जिससे आने वाले समय में शहर के विकास को नई गति मिल सकती है।कॉन्क्लेव में इस बात पर भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को सिर्फ तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, स्थानीय कारोबार और सतत विकास से जोड़ा जाए।कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर सुविधाओं और कनेक्टिविटी को भी यहां प्रमुखता से पेश किया गया, जिससे विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, ह्लमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से कुशीनगर बौद्ध कॉन्क्लेव 2026 ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों और निवेशकों की भागीदारी यह दशार्ती है कि कुशीनगर अब आस्था के साथ-साथ निवेश का भी आकर्षक गंतव्य बन रहा है। मंत्री ने बताया कि, इस आयोजन से करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं सामने आई हैं, जिससे पर्यटन, होटल, परिवहन और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार इन निवेश प्रस्तावों को शीघ्र जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि कुशीनगर के समग्र विकास को नई गति मिल सके।ह्व अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक कार्य विभाग के अमृत अभिजात ने बताया कि, उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट लगातार मजबूत हो रहा है। 2025 में प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों पर 82 लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंचे, जो इस बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है।

- भगवान बुद्ध से जुड़े होने के कारण पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए पहली पसंद बनता जा रहा है : जयवीर सिंह
- तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में 2,300 प्रतिनिधि, 300 विदेशी मेहमान शामिल हुए




## डीएम के निर्देश पर सुमित्रा इंडेन गैस सर्विस के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

भटनी (देवरिया)। स्थानीय नगर स्थित सुमित्रा इंडेन गैस सर्विस में अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति निरीक्षक ने भटनी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई 2 अप्रैल की देर रात की गई, जिससे क्षेत्र की अन्य गैस एजेंसियों में भी हड़कंप मच गया है।

बताया जाता है कि गैस वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों से नाराज उपभोक्ताओं ने पहले हंगामा किया और सड़क जाम तक कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम 2 अप्रैल को लगभग 11 बजे दिन में गैस एजेंसी के गोदाम पर जांच के लिए पहुंची। टीम के पहुंचते ही बाहर उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ गया और हंगामा शुरू हो गया, जिसे पुलिस प्रशासन ने शांत कराया।जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। एजेंसी द्वारा स्टॉक रजिस्टर, मूविंग रजिस्टर और चालान प्रस्तुत नहीं किए गए। ऑनलाइन स्टॉक और भौतिक सत्यापन में भारी अंतर पाया गया। कई सिलेंडर रिकॉर्ड में मौजूद थे, लेकिन मौके पर नहीं मिले। इसके अलावा फर्जी डिलीवरी का भी खुलासा हुआ, जिसमें उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर दिए ही डिलीवरी दिखा दी गई थी।

करीब 22 उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर अनियमितता के आरोप लगाते हुए अपने बयान दर्ज कराए। जांच में रिकॉर्ड में हेरफेर की भी पुष्टि हुई। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी, जिसके आधार पर गैस एजेंसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया।

आदेश के अनुपालन में आपूर्ति निरीक्षक ने देर रात थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम एल पी जी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर की बैठक

**देवरिया।** औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी

राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक पार्टी के कार्यक्रम चलाए जाने की कार्ययोजना है उसके बाद 14 अप्रैल को बना साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि

5, 6, 7 को बूथ से लेकर मंडल और जिला स्तर तक के कार्यालयों को सजाया जाएगा तथा 6 अप्रैल को पार्टी के बूथ स्तर तक के कार्यालयों पर झंडारोहण कराया जाएगा तथा सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर भी पार्टी का झंडा लगाएंगे। हर बूथों पर प्राथमिक सदस्य, सक्रिय सदस्य, तथा गणमान्य व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा। 8 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन देवरिया क्लब सभागार में 11 बजे कराया जाएगा। पूरे जनपद में लगभग 2700 सक्रिय सदस्य हैं। ग्राम बस्ती संपर्क अभियान 7 से 12 अप्रैल तक चलाया जाएगा जिसमें पार्षद से लेकर प्रदेश पदाधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान मंडलों में गोष्ठियों का आयोजन कराया जाएगा जिसमें जनपद के विभिन्न पदाधिकारियों को भेजा जाएगा।



सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता का कार्यक्रम भी किए जाएंगे तथा गांवों में 25 से 30 व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाना है। राष्ट्र प्रथम की भावना को आत्मसात करते हुए इन सभी कार्यक्रमों को हमे मिलजुल कर संपादित करना है।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से हम लोग अपने परिवार में जन्मदिवस मनाते हैं उसी प्रकार आज पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित इस कार्ययोजना बैठक में बूथ स्तर तक भव्य रूप से मनाए जाने के संदर्भ में विस्तृत रूप से विचार विमर्श करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है। पार्टी की कल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान ह्वविश्वशक्तिह्न एवं ह्वविश्व गुरूह्न के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो।

## सांवलियन विद्यालय में स्कूल चलो रैली का शुभारंभ




**कसया, कुशीनगर।** सर्व शिक्षा अभियान को लेकर शैक्षिक सत्र 2026-27 को लेकर स्कूल चलो रैलीह एवं संचारी रोग नियंत्रण को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई और अभिभावकों से बच्चों को समय से स्कूल भेजने और नामांकन कराने की अपील की गई। कंपोजिट विद्यालय डुमरी में गुरुवार को आयोजित स्कूल चलो रैली मुख्य अतिथि विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह एवं डॉ मैनेजर यादव द्वारा फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली में बच्चों ने हाथों में जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर हृसब पढ़ें, सब बढ़ेंह और हृहर बच्चा स्कूल जाएह जैसे नारों के साथ पूरे क्षेत्र में शिक्षा का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौबे ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में नामांकन कराएं। इस दौरान शिक्षिका विभा गुप्ता, रत्ना सिंह, शिल्पी सिंह, शिक्षा मित्र द्वारिका कुशवाहा, पुष्पा वर्मा, रसोइया रामाश्रय सिंह सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## कूड़ा जलाने से उठे धुएं से बच्चों की तबीयत बिगड़ी, सभी बच्चे सुरक्षित

**कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील अंतर्गत ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के समीप स्थित एक प्लॉट में सूखा कूड़ा एवं पत्ते जलाए जाने की घटना हुई, जिसमें कुछ जंगली पौधों के जलने से उठे धुएं के कारण विद्यालय के कुछ बच्चों को बेचैनी एवं सांस लेने में परेशानी की शिकायत हुई। सूचना प्राप्त होने पर एहतियातन बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवरही लाया गया सीएचसी में चिकित्सकों द्वारा बच्चों का तत्काल प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके उपरांत अधिकांश बच्चों को स्वस्थ पाए जाने पर उनके घर भेज दिया गया। वहीं कुछ बच्चों को अतिरिक्त सावधानी के तौर पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उन्हें समुचित उपचार प्रदान किया गया। वर्तमान में सभी बच्चे पूर्णतः स्वस्थ हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सीएचसी सेवरही, ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल तथा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मौके पर स्थिति सामान्य एवं शांति व्यवस्था कायम पाई गई। प्रशासन द्वारा संबंधित प्रकरण की निगरानी की जा रही है तथा आमजन से खुले स्थानों पर कूड़ा या पत्ते न जलाने की अपील की गई है।

## दो बीघा गेहूं की फसल जल कर राख

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम साहोपार खास में दोपर तेज पछुआ हवा के बीच खडी रबी की फसल में आग लगी अभी कुछ लोग समझ पाते तेज हवा के कारण गाँव के चार लोगों की फसल जलकर राख हो गयी। आग की लपट व घुँआ गैस ऐजेंसी के तरफ आते ही गैस गोदाम के पास अफरातफरी मच गयी। बताया गया है कि लगभग 11बजे दिन में साहोपार खास गाँव के पूरब चकरोड पूरब कही से आग सुलगते -सुलगते विकराल रुप धारण कर लिया। लोग बुझाने में लगे रहे और तेजी के साथ पूरब बढने लगी आग की लपट व घुँआ धर्मकाँटा व गैस गोदाम तक पहुँचने लगी। गैस लेने के लिए गोदाम पर खडे उपभोक्ताओं मे अफरा तफरी मच गयी। भगदड की स्थित बन गयी। लोग आग बुझाने लगे भयंकर तबाही मचाने से पहले ही लोग बुझाने में सफल हो गये। तब लोगों ने राहत की साँस ली। अग्नि के चपेट में रुदल यादव सतन यादव हरिश्चंद्र यादव पुत्रगण सवरु रमेश यादव झिंगुरी यादव ग्राम साहोपार व सत्येंद्र सिंह ग्राम रामपुर खुरहुरिया निवासी सहित सबका दो बिघा गेंहू की खडी फसल जलकर राख है गयी। आग लगने की सूचना पर लेखपाल मनोज कुमार द्वारा मौके का निरीक्षण कर सम्बन्धित किसानों के कागजात माँग कर तहसीलदार को सौप कर अहैतुक सहायता दिये जाने की संतुति किया है।

## प्रतिभागियों ने किया खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बेहराडाबर स्थित पी एम श्री प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक खेल का हुआ आयोजन। वार्षिकोत्सव बाल मेला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान अमीन अंसारी प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी द्वारा संयुक्त रुप में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर खेल के मैदान पर फीता काटकर किया। प्रधानाध्यापक स्वतंत्र तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना के बाद ड्रम और सीटी के साथ खेल को शुरू कराया। मुख्य रुप से डम्बल पी टी क्रिकेट कबड्डी दौड हाँकी बैडमिंटन गोला क्षेपड रस्सी कूद कैरम लूडो फुटबाल बालीबाल के अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूल के बच्चों ने बढ चढ कर प्रतिभाग किया। क्रमानुसार प्रत्येक खेल का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी कक्षाओं के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पाँच -पाँच सौ रुपये का प्रोत्साहन राशि दी गयी। अन्य बच्चों को काफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भोजन की व्यवस्था भी किया गया था। कार्यक्रम के अन्त में नामांकन अभियान के तहत स्कूल चलो रैली निकाली गयी। तदोपरान्त बच्चों का अंकपत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सूरज तिवारी रामसेवक शर्मा राघवेंद्र पाल अमरेश कुमार सरोज यादव प्रेमलता पूनम पाण्डेय कमलावती देवी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

**देवरिया।** संस्कार भारती के तत्वावधान में पंच परिवर्तन अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन युग निर्माण सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवरिया खास में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को प्रकृति के संरक्षण हेतु प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती से ज्ञान एवं सद्दद्धि की कामना की। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक रहा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक शामिल हुए।

मुख्य वक्ता डॉ रविकान्त मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण, जल संकट एवं जलवायु परिवर्तन मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाएं।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अरुण कुमार बरनवाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन ला सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र प्रसाद जायसवाल (महामंत्री) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली बना रहा। इस अवसर पर महेंद्र गुप्ता (कोषाध्यक्ष), सुरेश गुप्ता (उपाध्यक्ष), कृष्ण मोहन गुप्त एवं शशांक मणि त्रिपाठी (सहमंत्री), कंचन बरनवाल, नवनीत बरनवाल एवं अतुल बरनवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र पांडेय (प्रबंधक) ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में शिक्षकगण कमलेश सेन, हरिशंकर मणि, बबिता, प्रतीक्षा, आलोक कुमार, अमित कुमार दुबे, ऋषि जायसवाल- तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अपनाएंगे और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। यह कार्यक्रम सभी के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## मां अंजनी धाम मेला महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

**ललितपुर।** महरौनी के पास ग्राम कुम्हेडी पर स्थित श्री 1008 मां अंजनी धाम में आयोजित मेला महोत्सव 2026 में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिल रहा है। मेला महोत्सव के दूसरे दिन हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां अंजनी के दरबार में पहुंचकर जवारों का पूजन कर आस्था प्रकट की। सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। दूर-दराज से आए भक्तों ने मां अंजनी के दरबार में जवारे विसर्जित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस दौरान श्रद्धालु बुंदेली राई, सैरा और भजन-कीर्तन करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। रात्रिकालीन समय में झांकियां भी मां अंजनी धाम पहुंचीं, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मेले में लगे झूले, सर्कस और दुकानों पर भी देर रात तक भीड़ उमड़ी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। हालांकि मेले के दौरान कुछ मनचलों द्वारा उत्पात मचाने की घटनाएं भी सामने आईं, जिस पर मेला चैकी प्रभारी ने सख्ती दिखाते हुए ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। महरौनी तहसील के ग्राम कुम्हेड़ी में मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित यह पारंपरिक मेला 1 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक चलेगा। मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेला महोत्सव के दौरान रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति के साथ-साथ मनोरंजन का भी अवसर मिल रहा है। मेले में झूले, विभिन्न प्रकार की दुकानें, पशु मेला, पार्किंग, पेयजल, विद्युत एवं अग्निशमन जैसी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

## एसपी ने थाना पयागपुर और विशेश्वरगंज का किया निरीक्षण



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पयागपुर एवं थाना विशेश्वरगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी प्रार्थना पत्रों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में थाना प्रभारी द्वारा स्वयं फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शिष्ट, संवेदनशील एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने, उनके बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने के निरीक्षण के दौरान माल को क्रमवार एवं वर्षवार सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए तथा रजिस्टरों के अद्यतन एवं सुव्यवस्थित संधारण पर विशेष बल दिया गया। मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर, हवालात, बैरक एवं शौचालयों का निरीक्षण कर समुचित स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता तथा संसाधनों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले सभी आगंतुकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनका त्वरित एवं विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से मुख्यालय का रुख न करना पड़े। थाना परिसरों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का निरीक्षण कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए तथा अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई।

# कांग्रेस की मासिक बैठक में गैस की किल्लत पर चर्चा, मधु शर्मा का हुआ स्वागत

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक शुक्रवार को टाउन हॉल परिसर पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने की।

मासिक बैठक में संगठनात्मक समीक्षा हुई और आगे की रणनीति पर चर्चा हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहां कि केन्द्र की भाजपा सरकार के गलत नीतियों के कारण आज देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। गैस के लिए शहर से लेकर गांवों तक गैस गोदामों पे लम्बी-लम्बी लाईनों में लोग खड़े है, और महंगाई से आम जनमानस पहले से ही परेशान है। भाजपा सरकार जनता को लाइन में खड़ा कराने की काम करती है। इस सरकार से जनता उब चुकी है।

- गैस के लिए शहर से लेकर गांवों तक गैस गोदामों पे लम्बी-लम्बी लाईनों में लोग खड़े है

संगठन को और मजबूत करते हुए जनता के बीच में संवाद स्थापित करने की जरूरत है। गेहूं की फसल पक कर तैयार है जनपद में कहीं न कहीं-न-कहीं आगजनी की खबर सुनने को मिल जा रही है।

बैठक में कांग्रेस जनों ने इस मुद्दे पर भी चर्चा की कि जनपद के खेतों में गेहूं की फसल जो आगजनी से जल जा रहा है उन किसानों को समय से मुआवजा सरकार दे। यदि समय से मुआवजा नही मिला तो कांग्रेस किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला कांग्रेस कमेटी आन्दोलन करेंगी।

इसी क्रम में आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस जन सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मधु शर्मा के प्रथम आगमन कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कांग्रेस जनों के साथ फूल गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत जिला अध्यक्षा मधु शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने आज एक कार्यकर्ता को सम्मान देकर कार्यकताओं के मनोबल को ऊंचा करने का काम किया है। शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद।

बैठक में मुख्य रूप से अरविन्द शाही, सुनील कुमार तिवारी, जयप्रकाश धनगर, भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार डॉ.धर्मेंद्र पाण्डेय, संजीव कुमार मिश्रा, राजेश प्रताप सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, शहनाज जफर, रत्नेश मल्ल पिंटू, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, रजनीश प्रसाद, सच्चिदानंद मिश्रा, नौशाद खान एपी, बशिष्ठ मोदनवाल, रीता देवी, रविप्रकाश तिवारी, पन्नालाल पाठक, प्रेमचन्द प्रजापति, विनोद दुबे, परमानंद प्रसाद, व्यास दुबे, बृजभान सिंह, ध्रुव प्रसाद, रमेश कुशवाहा, धर्मवीर भारती, अंजुम मंसूरी, मनीष रज्जक, गिरिजेश सिंह, उमेश यादव, चन्द्रभान गुप्ता, अबुल हसन, दिनेश गुप्ता, सत्यपाल सिंह, वासुदेव तिवारी, मो.मुजाहिद लारी, डॉ.शैलेन्द्र जायसवाल, सुरेश यादव मौजूद रहे।

# कुशीनगर में गूंजा सूफियाना सुर, पद्मश्री कैलाश खेर की प्रस्तुति पर झूमे दर्शक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव के समापन अवसर पर निमार्णाधीन परिसर में कृषि विश्वविद्यालय आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध गायक पद्म श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। जैसे ही उन्होंने अपने लोकप्रिय गीत ह्लतेरी दीवानीह्व और ह्लतौबा तौबाह्व प्रस्तुत किए, पूरा पंडाल तालियों और झूमते दर्शकों से गूंज उठा।



जब कैलाश खेर ने शिव भक्ति और डमरू डांस किया तो पूरा पंडाल में श्रोता नाचने लगे। कैलाश खेर की ऊजार्वान और आध्यात्मिक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे ने स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने महोत्सव को यादगार बना दिया।

इस दौरान रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़, उप पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर यस चन्नप्पा, जिलाधिकारी कुशीनगर महेन्द्र सिंह तवर, पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार, एडीएम कुशीनगर वैभव मिश्रा, सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव, एएसपी सिद्धार्थ वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हाटा सुधीर राव, नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल, प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, अभिषेक खेतान उर्फ सोनू, भंते महेंद्र महा थेरो, भिक्षु नन्द रत्न, ओम प्रकाश जायसवाल, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, डॉ रविश सिंह, सीईओ कसया कुन्दन सिंह, एसडीएम कसया संतराज सिंह बघेल, एसडीएम हाटा योगेश्वर सिंह, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, संसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, सूरज तिवारी, राजेश तुलस्यान, किरन सिंह, सभासद प्रभुनाथ सिंह, राजेश मद्धेशिया सहित स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, बौद्ध भिक्षु, अधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

